an>

Title: Need to expedite construction of National Highways announced during the tenure of the previous Government.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : राजस्थान में भीलवाड़ा लोक सभा क्षेत्र में भारत सरकार ने तीन नए एनएच घोषित किए हैं। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 758 लाड़पुरा से गोमती चौराहा राजसमंद 150 किमी., दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी गुलाबपुरा से उनियारा 205 किमी. एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 158 भीलवाड़ा से ब्यावर 155 किमी. है।

भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग तो घोषित किए लेकिन सड़कों की हालत आज तक खराब है। राष्ट्रीय राजमार्ग 758 - इसे भीलवाड़ा से राजसमंद तक तो फोर लेन एवं लाड़पुरा से भीलवाड़ा मेगा हाइवे बनाया जा रहा है जबकि लाड़पुरा से भीलवाड़ा ट्रैफिक ज्यादा होकर बड़ी मात्रा में सेण्ड स्टोन परिवहन होता है, इसे फोर लेन किया जाना जरूरी है। इससे एक ही राष्ट्रीय राजमार्ग जो मात्र 150 किमी. है, एक जैसा हो जाएगा।

दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी - इसका केवल सर्वे हुआ है तथा जमीनों के अधिग्रहण के नोटिस जारी हुए हैं। यह सड़क मेरे लोक सभा क्षेत्र की चार विधान सभाओं हिण्डौली, जहाजपुर, शाहपुरा और आसीन्द को जोड़ती है। इसके काम को गति मिलनी चाहिए। यह मेगा हाइवे बनना है।

तीसरा राष्ट्रीय राजमार्ग 158 - इस सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है एवं डीपीआर तैयार करने का काम धीमी गति से चल रहा है।

पूर्ववर्ती सरकार के समय से ही घोषित राष्ट्रीय राजमार्ग केवल कागजों में है। सरकार इन सड़कों का निर्माण त्वरित गति से करवाए।